<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–15.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुम्बई में दो युद्धपोतों और एक पनडुब्बी का करेंगे लोकार्पण, पहली बार एक साथ तीन पोत भारतीय नौसेना के बेड़े में होंगे शामिल।**
2. **प्रयागराज में महाकुंभ आस्था और उल्लास के साथ जारी, मकर संक्राति पर साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी त्रिवेणी संगम में डुबकी।**
3. **उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण झारखंड में फिर बढ़ी कनकनी, घने कोहरे से ट्रेन और विमान सेवा प्रभावित।**
4. **ओडिसा में आयोजित वर्ल्ड ग्लोबल ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता में झारखंड की तीन युवतियों ने जीते पांच पुरस्कार, रांची की पूजा लकड़ा को ग्लोबल क्वीन वर्ल्ड का खिताब।**

**और**

5. **रांची में खेले जा रहे महिला हॉकी लीग में बंगाल टाइगर्स ने रोमांचक मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुम्बई में दो युद्धपोत–आईएनएस सूरत और आईएनएस नीलगिरी तथा एक पनडुब्बी– आईएनएस वाघशीर का लोकार्पण करेंगे। पहली बार एक साथ तीन पोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किये जा रहे हैं। यह रक्षा विनिर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक नेतृत्व प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस आयोजन के बाद श्री मोदी नवी मुम्बई के खारघर में श्री श्रीराधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्‌घाटन करेंगे। इस्कॉन परियोजना का यह मंदिर नौ एकड़ क्षेत्र में बना है। इस परिसर में एक वैदिक शिक्षा केन्द्र, प्रस्तावित संग्रहालय, सभागार और आरोग्य केन्द्र है। मंदिर का मिशन वैदिक शिक्षा के माध्यम से वैश्विक भाईचारे, शांति और एकता को बढावा देना है।

**********************

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। कल मकर संक्रांति के अमृत स्नान के अवसर पर साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भाषिणी के सहयोग से महाकुंभ में बहुभाषायी सुगमता का तकनीकी प्रबंध किया है। एक रिपोर्ट–

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने डोमचांच के एक जलमीनार के मामले में एकेजी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा। सरकार की ओर से विभाग से मंतव्य लेने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। इस पर अदालत ने सरकार पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि दो सप्ताह के अंदर हाईकोर्ट के लीगल सर्विस कमिटी के पास करने का निर्देश दिया गया है।

**********************

संसद की संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मामलों की स्थायी समिति सोशल मीडिया कंपनी मेटा को तलब करेगी। समिति के प्रमुख और गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि भारत की छवि धूमिल करने के लिए मेटा को भारतीय संसद और यहां के लोगों से माफी मांगनी पड़ेगी।

**********************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी। कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में श्री दास के पांच साल के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

**********************

धनबाद जिले में चौकीदार नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं का असर झारखंड पर भी पड़ रहा है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में एक बार फिर कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में रांची, पलामू, जमशेदपुर, चाईबासा, हजारीबाग में दो से तीन डिग्री सेल्सियस पारा गिरने की संभावना जतायी है। विभाग ने अगले चार दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि फरवरी के पहले हफ्ते से राज्य में ठंड का समाप्त हो जाने की उम्मीद है। इधर, घने कोहरे के कारण ट्रेन और विमान सेवा प्रभावित हुई है। कल धुंध के कारण पुणे–रांची विमान को रायपुर डायवर्ट करना पड़ा, वहीं 10 से ज्यादा विमान रांची विलंब से पहुंचा। रांची आने वाली कुछ ट्रेन भी देर से पहुंची।

**********************

ओडिसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित ग्लोबल ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता में झारखंड की तीन युवतियों ने पांच पुरस्कार पर कब्जा जमाया है। रांची की पूजा लकड़ा ग्लोबल क्वीन वर्ल्ड और खूंटी की अभिजल कंडुलना ट्राइबल क्लीन अर्थ चुनी गयी हैं। रांची की आलिशा गौतम उरांव को स्पेशल जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 देशों की सैकड़ों आदिवासी युवतियों ने हिस्सा लिया।

**********************

रांची में खेले जा रहे महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने कल शाम एक रोमांचक मुकाबले में दिल्ली एसजी पाइपर्स को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित कर दिया। बंगाल टाइगर्स के लिए मैच के 23वें मिनट में कैथरीन मुलान ने गोल किया। जीत के बाद बंगाल की कप्तान उदिता दुहान ने कहा कि उनकी टीम विपक्षी टीम पर दवाब बनाने में कामयाब रही।

उधर, पुरूष हॉकी इंडिया लीग में टीम गोनासिका ने राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में सूरमा हॉकी क्लब को 2–1 से हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल की और सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा।

**********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**प्रभात खबर ने** लिखा है– मकर संक्रांति पर अमृत स्नान, साढ़े तीन करोड़ ने लगायी डुबकी।
**हिन्दुस्तान ने** महाकुंभ की खबर को श्रद्धा का सैलाब शीर्षक से पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
**दैनिक जागरण** लिखता है– त्रिवेणी में घुला अमृत।
**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– दोस्त की फायरिंग से पंडरा लूटकांड के आरोपी के सिर पर लगी गोली, गंभीर।
**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिशन मौसम शुरु किये जाने की खबर को सुर्खी बनायी है जबकि **टाइम्स ऑफ इंडिया ने** जुकरबर्ग के बयान पर भारत की सख्ती की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********समाप्त*************